एक नजर

वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रवी ा जोशी सम्मानित

इंदौर। एक महिमामय समारोह में मधुमेह, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रवी ा जोशी को शाल- श्रीफल और मेमोंटो प्रदान कर सम्मानित किया। जोशी को राह सम्मान उनके सुदीर्घ पत्रकारिता जीवन में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ डॉ. हरक जैन, डॉ. नवनीत जैन, डॉ. ओ.पी. कंचनके एवं निलेश रिंगी राजपूत विशेष रूप से मौजूद थे।आयोजन रिसर्च सोसाइटी फार द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया ग. प्र. ने डॉट क्लिनिक पर किया था। उल्लेखनीय है कि पत्रकार जोशी ने विभिन्न पत्र - पत्रिकाओं में जगह प्रतिनिधि से लेकर संपादक तक का सफल कार्य किया और यह सिलसिला अभी भी लगातार जारी है। इस उपलक्ष पर अनेक मित्रों ने प्रवी ा जोशी को बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की शुभकामनाएँ दी।

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर के तीन साल पूरे

इंदौर,(नप्र)। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने अपनी सेवा के तीन साल पूरे किए। इस तीन सालों में इस अस्पताल ने नैतिक और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अपनी अग्र ी पहचान बने और मजबूत किया है। अपने 'फुल-टाइम स्पेशलिस्ट मॉडल' के साथ, इस अस्पताल ने अलग-अलग विशेषज्ञताओं में अपनी मल्टी-डिसिप्लिनरी विशेषज्ञता के जरिए व्यापक देखभाल के लिए एक मजबूत भरोसा कायम किया है। पिछले तीन सालों में, अस्पताल ने अपनी सुविधाओं को और बेहतर बनाया है। वहाँ मिनिमली इन्वेसिव सीएबीजी , बोन मैरो ट्रांसप्लांट और किडनी ट्रांसप्लांट जैसी आधुनिक इलाज की तकनीकें शुरू की गई हैं, जिन्हें लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और भरोसा मिला है। जल्द ही अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू होने वाली है। यह अस्पताल मध्य प्रदेश का पहला ऐसा अस्पताल है, जहाँ प्रोस्टेट के इलाज के लिए यूरो-लिफ्ट टेक्नोलॉजी, हर्निया की सर्जरी के लिए ई-टीईपी तेकनिक और डबल बलून एन्टेरोस्कोपी जैसी उन्नत और हाई-एंड प्रक्रियाएँ उपलब्ध हैं। साथ ही, यह मध्य प्रदेश का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसने एन्डोब्रोन्कियल अल्ट्रासाउंड (एइवर) की सुविधा शुरू की है।

इंदौर मेट्रो परियोजना प्रबंध संचालक द्वारा निरीक्षण एवं प्रगति की समीक्षा

इंदौर (नप्र)। इंदौर मेट्रो परियोजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री एस. कृष्ण चैतन्य द्वारा परियोजना कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध प्रगति तथा प्रस्तावित परिचालन से जुड़े विभिन्न तकनीकी एवं प्रबंधकीय पहलुओं का अवलोकन किया।

प्रबंध संचालक श्री एस. कृष्ण चैतन्य ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं तय समयसीमा में पूर्ण किए जाएँ, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय एवं आधुनिक मेट्रो सेवा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इंदौर मेट्रो के आगामी सेक्शनों को शीघ्र ही परिचालन हेतु तैयार किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने सभी ठेकेदारों एवं अधिकारियों को कार्यस्थलों पर उपस्थिति बढ़ाने तथा उपलब्ध मैनपावर का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रबंध संचालक ने मालवीय नगर से स्टेशन एससी-02 तक के खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेशन परिसर, अप्रोच मार्ग, यात्री सुविधाओं एवं फिनिशिंग कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। समीक्षा बैठक में अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्य योजना की जानकारी प्रस्तुत की गई। विशेष रूप से पैकेज एससी -02, एससी-03, एससी-04, एससी -05 तथा एससी-07 की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रबंध संचालक ने भूमिगत एवं एलिवेटेड खंडों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को गति प्रदान करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान परियोजना से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

नवविवाहिता की आत्महत्या मामले में पति-सास पर केस दर्ज

दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप

इंदौर,(नप्र)। विजयनगर क्षेत्र में नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच के बाद पति और सास को आरोपी बनाया है। मामला कल्प कामधेनू नगर निवासी मोनिका पटेल (20) की मौत से जुड़ा है, जिन्होंने 2 फरवरी को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

एसीपी पराग सैनी की जांच में सामने आया कि मोनिका को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था तथा उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया। इसके आधार पर पुलिस ने पति रितेश पटेल और सास राधा पटेल के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

सिलाई के कपड़े को लेकर हुई थी कहासुनी

घटना के बाद पति रितेश ने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि घटना के समय वह घर के बाहर था और इससे पहले सिलाई के कपड़े लाने की बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। मोनिका सिलाई का काम करती थी, जबकि रितेश रेपिडो बाइक चलाता है।

10 माह पहले किया था प्रेम विवाह

मोनिका के पिता हीरालाल चौहान निवासी खजराना ने गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना है कि करीब 10 महीने पहले मोनिका घर से लापता हो गई थी, जिसकी गुमशुदगी खजराना थाने में दर्ज कराई गई थी। बाद में पता चला कि उसने रितेश से प्रेम विवाह कर लिया है। पिता का आरोप है कि बड़ी बेटी से उन्हें जानकारी मिली थी कि मोनिका ससुराल में परेशान थी। इस मामले में वे समाज के लोगों के साथ विजयनगर थाने भी पहुंचे थे।

नगर निगम के सफाईकर्मी ने किया सुसाइड

शादी समारोह से लौट कर आया था; फर्नीचर कारीगर ने भी दी जान

इंदौर,(नप्र)। गांधी नगर इलाके में रहने वाले नगर निगम के सफाईकर्मी प्रफुल्ल शिंदे (32) ने गुरूवार रात फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार, प्रफुल्ल दिन में एक परिचित की शादी समारोह में अपनी पत्नी के साथ गए थे और शाम तक घर लौट आए।

रात में जब वह कमरे से बाहर नहीं निकले, तो परिवार ने उन्हें देखकर अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, प्रफुल्ल की मानसिक स्थिति पिछले कुछ महीनों से ठीक नहीं थी और उसने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था। वह पल्हर नगर जोन में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत थे। उनके परिवार में एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है।

फर्नीचर कारीगर ने भी खाया जहर- इसी दिन एमजी रोड पुलिस को सूचना मिली कि राजू (42) पुत्र महादेव ने जहर खा लिया है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रात में उनकी मौत हो गई। रिश्तेदारों ने बताया कि राजू घर पर ही थे। उनकी पत्नी स्कूल में काम करती हैं और छुट्टी के बाद घर लौटकर उन्हें बेसुध पाया। बाद में पड़ोसियों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

राजू फर्नीचर बनाने का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी दीपाली और 8 साल की बेटी है। माता-पिता और अन्य भाई अलग रहते हैं। पुलिस ने बताया कि अभी पत्नी का बयान नहीं लिया गया है और मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

वैवाहिक कार्यक्रमों के आमंत्रण पर जाएं.... मगर निमंत्रण में सावधानी और सतर्कता को भूल न जाएं

इंदौर। इंदौर पुलिस क्राइम ब्रांच द्वारा वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए, निमंत्र ा कार्ड के नाम पर होने वाले साइबर फ्रॉड से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। शादी व अन्य समारोह/कार्यक्रम आदि के निमंत्र ा कार्ड/डिजिटल कार्ड संदेशों के माध्यम से अनजान नंबरों से आने वाले एपीके फाइल और लिंक से रहे सावधान और इन पर बिना जांच पड़ताल के बिल्कुल भी क्लिक न करें।

मोहल्ला समिति की बैठक में सूचना पर अवैध शराब के साथ पकड़ाया बदमाश

इंदौर,(नप्र)। इंदौर पुलिस द्वारा जनजागरूकता हेतु लगातार आमजन के बीच पहुंच मोहल्ला समिति की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है और आमजन से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं तथा अवैधानिक गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की जा रही है।

इसी अनुक्रम में पुलिस थाना बाणगंगा क्षेत्र में विगत दिनों पुलिस अधिकारियों द्वारा मोहल्ला समिति की बैठकों का आयोजन किया गया था, जिसके दौरान क्षेत्र के भवानी नगर में अवैध शराब की गतिविधियों के संबंध में सूचनाएं प्राप्त हुई थी।

उक्त सूचनाओं पर प्रभावी कार्यवाही के लिए पुलिस उपायुक्त जोन-03 राजेश व्यास व अति. पुलिस उपायुक्त जोन-03 रामस्नेही मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी बाणगंगा को निर्देशित किया गया। जिस पर पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर लगाया गया।

पुलिस टीम ने मोहल्ला बैठक में मिली जानकारी व मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर, भवानी नगर में संदीप संदिग्ध अर्जुन ठाकुर उर्फ अर्जुन पंवार के घर पर दबिश दी तो, वहां उसके घर पर विधिवत तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध शराब के क्वाटर मिलें, जिनके संबंध में पूछताछ करने पर कोई लाइसेंस या संतोषजनक जवाब नहीं बताया गया।

पुलिस द्वारा विधिवत आरोपी अर्जुन ठाकुर उर्फ अर्जुन पंवार नि. भवानी नगर इंदौर के कब्जे से 373 क्वाटर (64.14 बल्क लीटर) अवैध देशी शराब जप्त कर, अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा अवैध शराब के स्रोत के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

मीडियाकर्मी की बाइक चोरी

इंदौर। दैनिक समाचार पत्र में नौकरी करने वाले बबलू खा डेवाह निवासी मालवीय नगर ने अपनी बाइक एमपी09 एडब्लयू 9825 घर के बाहर से अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया। आज सुबह जब बबलू सो कर उठा तो उसकी बाइक गायब थी । आसपास पूछताछ करने के बाद ही जब कोई जानकारी नहीं लगी तो उसने इसकी सूचना एमआईजी थाने पर की। बबलू ने बताया कि वह दैनिक समाचार पत्र के प्लांट राउखेडी में प्रिंटिंग मशीन में काम करता है। कल रात वह काम से साढे तीन बजे घर पहुंचा और सुबह देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी।

कैंसर डे पर वॉकथॉन का आयोजन

इंदौर,(नप्र)। कैंसर को लेकर फैली गलतफहमियों को दूर करने और लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करने के मकसद से वर्ल्ड कैंसर डे पर वॉकथॉन का आयोजन किया गया। एचसीजी कैंसर सेंटर की ओर से आयोजित इस वॉकथॉन में करीब 200 लोग शामिल हुए। इस वॉकथॉन में डॉक्टरों, हॉस्पिटल स्टाफ, कॉलेज स्टूडेंट्स, कैंसर सर्वाइवर और उनके परिवारों ने एक साथ कदम बढ़ाए। संदेश साफ था कि कैंसर से डरने की नहीं, जागरूक रहने की जरूरत है। वॉकथॉन की शुरूआत एचसीजी कैंसर सेंटर से हुई और एलआईजी स्क्वायर, इंडस्ट्री हाउस, पलासिया होते हुए दोबारा एचसीजी कैंसर सेंटर पर समाप्त हुई। सुबह के समय आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने हाइट आउटफिट में हिस्सा लेकर एकजुटता और उम्मीद का प्रतीक पेश किया।

REQUIRED

- **PRINCIPAL**
- **PROFESSOR/ASSOCIATE PROFESSOR/ASST. PROFESSOR**
  Law, Management, Commerce, Economics, Political Science, Sociology, History & English. Qualification as per UGC / DAVV / BCI norms.
- **LIBRARIAN** Apply online at https://www.gsbl.in/career/

Send your resume at principal@gsbl.in OR in person deliver to Principal at Nipania Campus between 11am to 3pm (Mon to Sat)

GSL Graduate School of Law
Graduate School of Law
Nipania Bypass, Near Hotel Sheraton, Indore
62320-07726 / 99814-36902

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा विकसीत कालोनी इंदिरा कालोनी बुरहानपुर में स्थित भवन / भूखण्ड कमांक C-100 LIG मंडल द्वारा श्री गबा चौधरी पिता श्री बलीराम चौधरी के नाम आवंटीत है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13/04/2005 को पंजीकृत है। श्री गबा चौधरी की मृत्यु दिनांक 09/07/2012 को हो जाने से इनके पुत्रों में श्री रामचंद्र चौधरी पिता स्व. श्री गबाजी चौधरी एवं श्री महेन्द्र चौधरी पिता स्व. श्री गबाजी चौधरी द्वारा अपनी माता श्रीमती शांता बाई चौधरी पति स्व. श्री गबाजी चौधरी एवं तीन बहनो में श्रीमती संगीता पाटिल पति श्री भास्कर पाटिल, श्रीमती रेखा पाटिल पति श्री सतीश पाटिल एवं श्रीमती सुनिता पाटिल पति श्री मनोहर पाटिल सभी पिता स्व. श्री गबाजी पाटिल का सहमती शपथ पत्र, स्वयं का शपथ पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर उक्त संपत्ति अपने नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त दस्तावेजों के आधार पर श्री गबा चौधरी की मृत्यु उपरांत उक्त संपत्ति इनके पुत्रों में श्री रामचंद्र चौधरी पिता स्व. श्री गबाजी चौधरी एवं श्री महेन्द्र चौधरी पिता श्री गबाजी चौधरी के संयुक्त नाम से नामांतरण करने की कार्यवाही प्रस्तावित है इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था /वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल संभाग खण्डवा

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद (MOHD AKRAM) पिता मोहम्मद लियाकत (MOHD LIYAQAT) था जिसे मैंने बदल कर मोहम्मद अकराम खान (MOHAMMAD AKRAM KHAN) पिता मोहम्मद लियाकत खान (MOHAMMED LIYAQUAT KHAN) कर लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम से ही जाना व पहचाना जावे ।

पता
714/2 मदीना नगर गली नम्बर 2 ,इंदौर,पिन 452001

Kasta® Pipes & Fittings

Kriti Industries (India) Ltd.
CIN No: L25206MP1990PLC005732
Regd. Office: Mehta Chambers, 34, Siyaganj, Indore-452 007 (M.P.)
Phone: 0731-2719100 / 26, E-mail: cs1@kritiindia.com, Website: www.kritiindustries.com

Kriti Group

Extract of Unaudited Statement of Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2025

₹ in Lacs (Except Earnings Per Share)

Sr. No.	Particulars	STANDALONE			CONSOLIDATED		
		Quarter Ended	9 Months Ended	Quarter Ended	Quarter Ended	9 Months Ended	Quarter Ended
		31.12.2025	31.12.2025	31.12.2024	31.12.2025	31.12.2025	31.12.2024
		(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)
1.	Total Income from Operations Sales / Income from Operations	13,619.67	44,757.41	21,055.51	13,603.29	44,759.48	21,056.10
2.	Net Profit / (Loss) for the period (Before tax, exceptional and / or Extraordinary items)	(189.42)	(569.76)	(1,053.09)	(174.04)	(520.68)	(1,038.04)
3.	Net Profit / (Loss) for the period before tax (After exceptional and / or Extraordinary items)	(266.43)	(646.77)	(1,053.09)	(251.05)	(597.69)	(1,038.04)
4.	Profit / (Loss) from Discontinued Operations (Before Tax)	-	-	-	-	-	-
5.	Profit / (Loss) from Associate (Before Tax)	-	-	-	(8.22)	(24.56)	(20.78)
6.	Net Profit / (Loss) for the period after tax (After exceptional and / or Extraordinary items)	(49.49)	(300.10)	(1,079.99)	(38.38)	(263.88)	(1,068.70)
7.	Total Comprehensive Income for the Period (Comprising Profit / (Loss) for the Period (After Tax) & Other Comprehensive Income (After Tax)	(9.90)	(264.66)	(1,089.36)	(7.02)	(253.00)	(1,098.85)
8.	Equity Share Capital (Face value of ₹ 1/- each)	526.96	526.96	496.04	526.96	526.96	496.04
9.	Reserves (excluding Revenue Reserve) as shown in the audited balance sheet of the previous year						
10.	Earnings Per Share (of ₹ 1/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic : 2. Diluted :	(0.09) (0.09)	(0.57) (0.53)	(2.18) (1.83)	(0.09) (0.09)	(0.55) (0.51)	(2.20) (1.84)

Notes :
1) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchanges (www.bseindia.com) & (www.nseindia.com) and on company's website (www.kritiindustries.com)
2) The above results have been reviewed by the Audit Committee in it's meeting held on 4th February, 2026 and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on 5th February, 2026.
3) The Limited Review as required under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirments) Regulations, 2015 has been completed by the auditors of the company.

Place : INDORE
Date : 5th February, 2026

For Kriti Industries (India) Ltd.
Sd/-
(Shiv Singh Mehta)
Chairman & Managing Director
DIN 00023523

सयाजी होटल्स (इंदौर) लिमिटेड
सीआईएन : L55209MP2018PLC076125
पंजीकृत कार्यालय: एम -1, स्कीम नंबर 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452010
दूरभाष : 0731-4006666, ईमेल आईडी: cs@shilindore.com, वेबसाइट: www.shilindore.com

31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह की अवधि के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(राशि लाख रुपये में, ईपीएस के आंकड़ों को छोड़कर)

क्र.	विवरण	स्टैंडअलोन			
		तिमाही समाप्त 31.12.2025 (अलेखापरीक्षित)	तिमाही समाप्त 31.12.2024 (अलेखापरीक्षित)	9 माह समाप्त 31.12.2025 (अलेखापरीक्षित)	वित्तीय वर्ष समाप्त 31.03.2025 (लेखापरीक्षित)
1	संचालन से कुल आय (शुद्ध)	3213.37	3016.78	7,695.43	10,567.72
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पूर्व, असाधारण एवं / या अपवादात्मक मदों से पहले)	777.31	527.47	1,038.27	1,342.40
3	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पूर्व, असाधारण एवं / या अपवादात्मक मदों के बाद)	777.31	527.47	1,038.27	1,342.40
4	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर के बाद, असाधारण एवं / या अपवादात्मक मदों के बाद)	586.97	453.56	783.21	1,057.11
5	अवधि की कुल समग्र आय (जिसमें अवधि का लाभ / (हानि) (कर के बाद) एवं अन्य समग्र आय (कर के बाद) शामिल है)	576.42	453.53	768.12	1,036.99
6	इक्विटी शेयर पूंजी	304.66	304.66	304.66	304.66
7	रिज़र्व (पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व को छोड़कर), जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है	-	-	-	5,935.57
8	प्रति शेयर आय (₹10/- अंकित मूल्य) (सतत एवं बंद परिचालन के लिए) मूल (Basic) पतला (Diluted)	19.27 19.27	14.88 14.88	25.71 25.71	34.70 34.70

टिप्पणी: उपरोक्त विवरण 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह की अवधि के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है, जिसे सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किया गया है। 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह की अवधि के लिए वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट www.shilindore.com पर उपलब्ध है और नीचे संलग्न **QR कोड** को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।

स्थान : इंदौर
दिनांक : 05.02.2026

बोर्ड के आदेश से
सयाजी होटल्स (इंदौर) लिमिटेड
Sd/-
थोट्टापुल्ली नारायणन उन्नी, अध्यक्ष

नाम परिवर्तन की जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तफज्जुल हुसैन आजाद पिता तथ्यब अली मेरा पहले का नाम व पता " तफज्जुल हुसैन तथ्यब अली पिता तथ्यब अली पता 64, महात्मा गांधी मार्ग, खण्डवा, था मैं , स्वयं अपने भावी सन्तान के लिये अपने पुराने नाम तफज्जुल हुसैन तथ्यब अली के प्रयोग को त्याग करता हूँ, छोडता हूँ और उसकी जगह मेरा नया नाम तफज्जुल हुसैन आजाद पिता तथ्यब अली रखता हूँ। भविष्य में मेरे बच्चे, मेरी भावी सन्तान, मुझे मेरे नये नाम तफज्जुल हुसैन आजाद पिता तथ्यब अली के नाम से बुलाये, भविष्य में मैं अभिलेखों में कागजातों में, व्यवहारो में अपने नये नाम तफज्जुल हुसैन आजाद पिता तथ्यब अली का प्रयोग करूंगा, और ,मैं अपने सभी रिश्तेदारो, मित्रो से अनुरोध करता हूँ कि, हर मौके पर, हर विवरण पर मुझे और मेरी भावी सन्तान को मेरे नये नाम से तफज्जुल हुसैन आजाद पिता तथ्यब अली से सम्बोधित करें। सो सूचना जाने।

कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन
छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

(Online)निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञप्ति क्र./49 — **उज्जैन दिनांक 6/2/26**

निम्नांकित कार्यो के लिये प्रपत्र अ (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग मप्र शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाइन (Online)निविदा आमंत्रित की जाती है, तथा ठेकेदार की (श्रेणी सी) एम.पी.गवर्मेंट व सिरियल क्र. 1 टेंडर फार्म मूल्य 2000/-रहेगा सिरियल क्र. 1 का आनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 09.03.2026 समय 18.00 आनलाईन ईएमडी राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 09.03.2026 समय 18.00 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना आनलाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

क्र.	निविदा विज्ञप्ति क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मप्र भोपाल	अर्नेस्टमनी रु.	समय अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	E-Tendering 2026_UAD_480449_1	वार्ड क्र. 06 अन्तर्गत महाराणा प्रताप गेट के अंदर बजरंग मंदिर के पास गांधी नगर में सीसी कार्य	1299622/-	08.11.2025 UADD ISSR SOR	9750/-	45 दिन

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम उज्जैन